# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 19 जनवरी 2026
माघ शुक्ल-प्रतिपदा
विक्रम संवत-2082


**PAGE NO 7 : BOTTOM**

## कथक कलाकारों ने दी मनोहारी प्रस्तुति



'ब्रजश्याम कहे' कार्यक्रम में प्रस्तुति देती कलाकार। स्रोत : संस्था

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार को 'ब्रजश्याम कहे' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें संस्थान के कथक गुरुओं व विद्यार्थियों ने कथक नृत्य कला की मनोहारी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का आरंभ कथक गुरु देबाज्योति नस्कर ने गुरु वंदना 'करि प्रणाम गुरु ध्यान स्मरण' पर गुरु आराधना से किया। कथक विद्यार्थियों गौर्वी, अवियना, नायरा, अंकिता, अनिका, अवनी भसीन, त्रिशिका, मुक्तिका, कायरा, वैदेही आदि ने आराधना 'गुरु चरणन पर शीश नवाऊं' पर अपनी प्रस्तुति दी।

विद्यार्थी गौरिका व नितारा ने 'झापताल' पर सजीव प्रदर्शन किया। कथक विद्यार्थियों ने 'आज श्याम मुरली बजाय मन भाए' पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कथक गुरु अंशू शर्मा ने, देविका मूर्ति, कथक विद्यार्थी त्रिप्ता व क्षमा ने भी प्रस्तुति दी। कथक गुरु रिया श्री चटर्जी ने 'पलक बंद करि ध्यान में सदा रहता ब्रिजश्याम' पर लाइव प्रस्तुति दी।

गायन गुरु प्रियंका ग्वाल, सात्विक मिश्रा ने भी अपने स्वरों से उपस्थिति दर्ज कराई। तबला पर दीपकांत जौहरी, पखावज पर ऋषभ आशीष पाठक, हारमोनियम पर पवन भारद्वाज, सितार पर सीमा ने अपने वाद्ययंत्रों से प्रस्तुति दी।

इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. अनुज कुमार ने किया। ब्यूरो